**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 687**

**उत्तर देने की तारीख : 06.02.2025**

**अल्प-विकसित क्षेत्रों में योजनाएं**

**687. श्री विष्णु दत्त शर्मा:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि पन्ना और कटनी जिले और छतरपुर में खजुराहो अर्थव्यवस्था के द्वितीयक-तृतीयक क्षेत्रों में औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन के मामले में तुलनात्मक रूप से अल्प-विकसित हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जिलों में सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्लस्टर विकास (एमएसई-सीडीपी) पारंपरिक उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए कोष योजना (स्फूर्ति) और 'एस्पायर' (नवाचार ग्रामीण उद्योग और उद्यमशीलता संवर्धन योजना) की योजनाओं को कार्यान्वित कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त परियोजनाओं की स्थिति, हासिल किए गए परिणामों और कार्यान्वयन की समय-सीमा से संबंधित ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) : सरकार एमएसएमई क्षेत्र के संवर्धन और विकास के उद्देश्य से केन्द्रीय क्षेत्र की विभिन्न स्कीमों और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करती है जिससे मध्य प्रदेश राज्य सहित देशभर में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास होता है। इन स्कीमों/कार्यक्रमों में प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई), पीएम विश्वकर्मा (पीएमवी), सूक्ष्म और लघु उद्यम – क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) तथा एमएसएमई के कार्यनिष्पादन में संवृद्धि और गतिवर्धन (रैम्प), एमएसएमई चैम्पियंस स्कीम आदि शामिल हैं।

दिनांक 01.07.2020 को हुई शुरुआत से लेकर अब तक उद्यम पर पंजीकृत एमएसएमई की संख्या तथा मध्य प्रदेश के उक्त जिलों में सृजित रोजगार का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

| क्र.सं. | विवरण | कुल एमएसएमई | | कुल | रोजगार | | कुल रोजगार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | विनिर्माण | सेवा | | विनिर्माण | सेवा | |
| 1 | अखिल भारत | 12,108,413 | 47,047,097 | 59,155,510 | 76,300,476 | 174,721,836 | 251,022,312 |
| 2 | मध्य प्रदेश | 594,677 | 3,186,610 | 3,781,287 | 2,907,419 | 8,022,711 | 10,930,130 |
| 3 | छतरपुर का खजुराहो | 10,549 | 48,906 | 59,455 | 30,619 | 105,623 | 136,242 |
| 4 | कटनी | 8,835 | 46,483 | 55,318 | 31,519 | 108,893 | 140,412 |
| 5 | पन्ना | 6,467 | 24,493 | 30,960 | 13,305 | 57,005 | 70,310 |

I. प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत, सामान्य श्रेणी के लाभार्थी ग्रामीण क्षेत्रों में परियोजना लागत की 25 प्रतिशत मार्जिन मनी (एमएम) सब्सिडी तथा शहरी क्षेत्रों में 15 प्रतिशत सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं। विशेष श्रेणियों जैसे अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, अल्प संख्यकों, महिलाओं, भूतपूर्व सैनिकों, दिव्यांगों, ट्रांसजेंडरों, पूर्वोत्तर क्षेत्रों, पहाड़ी और सीमावर्ती क्षेत्रों तथा आकांक्षी जिलों से संबंधित लाभार्थियों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मार्जिन मनी सब्सिडी 35 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत है। विनिर्माण क्षेत्र में नई इकाई की स्थापना के लिए अधिकतम परियोनजा लागत 50 लाख रुपए तथा सेवा क्षेत्र में यह लागत 20 लाख रुपए है। दूसरे ऋण के अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र में मार्जिन मनी (एमएम) सब्सिडी के लिए अनुमत्य अधिकतम परियोजना लागत 1.00 करोड़ रुपए तथा सेवा क्षेत्र के लिए यह लागत 25 लाख रुपए है। सभी श्रेणियों के लिए दूसरे ऋण पर दी जाने वाली ग्राह्य सब्सिडी, परियोजना लागत की 15 प्रतिशत (पूर्वोत्तर क्षेत्रों और पहाड़ी राज्यों के लिए 20 प्रतिशत) है। गत 5 वर्षों के दौरान पीएमईजीपी के अंतर्गत लाभान्वित सूक्ष्म उद्यमों की संख्या निम्नानुसार है:-

| **वर्ष** | **सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या** | **एमएम सब्सिडी (करोड़ रु. में)** | **अनुमानित सृजित रोजगार** |
|---|---|---|---|
| वित्त वर्ष 2019-20 | 66,653 | 1,950.82 | 5,33,224 |
| वित्त वर्ष 2020-21 | 74,415 | 2,188.80 | 5,95,320 |
| वित्त वर्ष 2021-22 | 1,03,219 | 2,977.65 | 8,25,752 |
| वित्त वर्ष 2022-23 | 85,167 | 2,722.17 | 6,81,336 |
| वित्त वर्ष 2023-24 | 89,118 | 3,093.87 | 7,12,944 |
| वित्त वर्ष 2024-25 (दिनांक 03.02.2025 तक) | 38,235 | 1,528.76 | 3,05,880 |

II. गत पांच वर्षों और मौजूदा वर्ष अर्थात वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान मध्य प्रदेश राज्य तथा छतरपुर के खजुराहो, कटनी और पन्ना जिलों में सहायता प्राप्त इकाइयों, अनुमानित सृजित रोजगार, संवितरित मार्जिन मनी सब्सिडी और संस्वीकृत ऋणों के संबंध में पीएमईजीपी का कार्यनिष्पादन निम्नानुसार है:-

| वित्त वर्ष | मध्य प्रदेश | | | | छतरपुर का खजुराहो | | | | कटनी | | | | पन्ना | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | अनुमानित सृजित रोजगार | मार्जिन मनी (लाख रुपए में) | संस्वीकृत ऋण (लाख रु. में) | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | अनुमानित सृजित रोजगार | मार्जिन मनी (लाख रुपए में) | संस्वीकृत ऋण (लाख रु. में) | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | अनुमानित सृजित रोजगार | मार्जिन मनी (लाख रुपए में) | संस्वीकृत ऋण (लाख रु. में) | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | अनुमानित सृजित रोजगार | मार्जिन मनी (लाख रुपए में) | संस्वीकृत ऋण (लाख रु. में) |
| वित्त वर्ष 2019-20 | 2,175 | 17,400 | 8,063.63 | 23,926.33 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 56 | 32.41 | 91.16 | 28 | 224 | 80.81 | 249.68 |
| वित्त वर्ष 2020-21 | 4,854 | 38,832 | 13,807.82 | 42,769.47 | 0 | 0 | 0 | 0 | 60 | 480 | 192.05 | 622.52 | 63 | 504 | 114.19 | 362.29 |
| वित्त वर्ष 2021-22 | 8,082 | 64,656 | 20,961.46 | 65,809.05 | 2 | 16 | 17.5 | 47.5 | 100 | 800 | 327.91 | 1018.60 | 123 | 984 | 171.22 | 565.99 |
| वित्त वर्ष 2022-23 | 5,957 | 47,656 | 18,129.70 | 56,125.91 | 2 | 16 | 3.68 | 9.97 | 57 | 456 | 173.62 | 562.42 | 57 | 456 | 108.68 | 347.62 |
| वित्त वर्ष 2023-24 | 5,292 | 42,336 | 1,8521.49 | 5,8122.61 | 5 | 40 | 15.50 | 4.75 | 56 | 448 | 257.52 | 875.53 | 41 | 328 | 90.56 | 288.24 |
| वित्त वर्ष 2024-25 (दिनांक 03.02.2025 तक) | 1,922 | 15,376 | 6,085.27 | 1,9286.61 | 0 | 0 | 0 | 0 | 16 | 128 | 75.07 | 218.74 | 21 | 168 | 40.82 | 126.43 |

III. मध्य प्रदेश में सीजीटीएमएसई स्कीम की प्रगति:

| | | वित्त वर्ष 2019-20 | | वित्त वर्ष 2020-21 | | वित्त वर्ष 2021-22 | | वित्त वर्ष 2022-23 | | वित्त वर्ष 2023-24 | | वित्त वर्ष 2024-25 31जनवरी, 2025 तक | | शुरुआत से लेकर दिनांक 31 जनवरी, 2025 तक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | [राशि करोड़ रु. में] | | | | | | | | | | | | | |
| क्र. सं. | जिला | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि |
| 1 | अखिल भारत | 8,46,650 | 45,851.22 | 8,35,592 | 36,899.39 | 7,17,020 | 56,171.87 | 11,65,786 | 1,04,781.46 | 17,24,073 | 2,02,807.32 | 16,53,059 | 2,04,999 | 1,04,49,121 | 8,34,363 |
| 2 | मध्य प्रदेश | 40,822 | 2,098 | 60,835 | 1,893 | 64,108 | 2,651 | 50,289 | 5,290 | 75,023 | 9,569 | 72,363 | 8,740 | 5,09,693 | 38,300 |
| 3 | छतरपुर का खजुराहो | 419 | 14 | 650 | 18 | 372 | 25 | 398 | 31 | 904 | 104 | 633 | 80 | 5,029 | 372 |
| 4 | कटनी | 781 | 33 | 1,114 | 36 | 947 | 44 | 1,032 | 67 | 1,330 | 112 | 1,211 | 114 | 8,265 | 511 |
| 5 | पन्ना | 130 | 5 | 193 | 5 | 171 | 4 | 212 | 12 | 443 | 45 | 180 | 32 | 1,824 | 127 |

IV. दिनांक 17.09.2023 को पीएम विश्वकर्मा स्कीम की शुरुआत से लेकर अब तक उक्त जिले में इस स्कीम के अंतर्गत पंजीकृत लाभार्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार है:-

| जिला का नाम | सफल पंजीकरण | पूर्ण किया गया मूलभूत प्रशिक्षण | संस्वीकृत ऋण संबंधी आवेदन | संस्वीकृत ऋण की राशि (रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| अखिल भारत | 27,11,132 | 17,52,002 | 3,04,017 | 26,23,79,71,924 |
| मध्य प्रदेश | 2,43,328 | 1,49,288 | 20,904 | 1,90,63,71,332 |
| छतरपुर का खजुराहो | 6,490 | 4,046 | 296 | 2,39,05,000 |
| कटनी | 5,121 | 3,363 | 281 | 2,49,34,250 |
| पन्ना | 5,896 | 5,120 | 494 | 4,74,68,998 |

(ख) और (ग) : स्फूर्ति के अंतर्गत : कटनी जिले में पारंपरिक उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए निधियों की निधि (स्फूर्ति) के तहत भारत सरकार द्वारा कटनी जिले में 2.45 करोड़ रुपए की सहायता से इम्ब्रॉइडरी युक्त फैशन क्लॉथिंग और ऐक्सेसॅरीज क्लस्टर को अनुमोदन प्रदान किया गया है जिससे 407 कारीगर लाभान्वित हुए हैं। पन्ना, खजुराहो और छतरपुर में, अब तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

इम्ब्रॉइडरी युक्त फैशन क्लॉथिंग और ऐक्सेसॅरीज क्लस्टर एक कार्यशील क्लस्टर है जिसके कार्यान्वयन की समयावधि अनुमोदन की तारीख से 2.7 वर्ष तक की है।

एस्पायर के अंतर्गत : मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम (एमपीएलयूएन, लघु उद्योग निगम लिमिटेड – मध्य प्रदेश सरकार) से प्राप्त 01 प्रस्ताव को वर्ष 2019 में भारत सरकार की 100 लाख रुपए की कुल सहायता राशि के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया था, जिसे बाद में वापस ले लिया गया है।

एमएसई-सीडीपी एक मांग आधारित स्कीम है और इस स्कीम के अंतर्गत पन्ना, कटनी और छतरपुर के खजुराहो जिलों के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

******